# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–01 अगस्त 2025** **सान्ध्य समाचार**

निर्वाचन आयोग ने आज देश के उप राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। निर्वाचन आयोग के अनुसार चुनाव नौ सितंबर को होंगे और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि इक्कीस अगस्त होगी। एक रिपोर्ट–

***पिछले महीने उपराष्ट्रपति पद से, जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद यह चुनाव आवश्यक हो गया है। यह 17वां उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होगा। उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है जिसमें लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य शामिल होते हैं। चुनाव की अधिसूचना इस महीने की 7 तारीख को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की जाएगी और इच्छुक उम्मीदवार इस महीने की 21 तारीख तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। नामांकन पत्रों की जांच 22 अगस्त को होगी जबकि नाम वापस लेने की अंतिम तिथि इस महीने की 25 तारीख होगी। मतगणना 9 सितंबर को होगी। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वाराणसी में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किस्त के अंतर्गत नौ करोड़ सत्तर लाख से अधिक किसानों को बीस हजार पांच सौ करोड़ रुपये जारी करेंगे। वे दो हजार दो सौ करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***प्रधानमंत्री वाराणसी–भदोही मार्ग, छितौनी–शूल टंकेश्वर मार्ग और हरदत्तपुर में रेलवे ओवरब्रिज के चौड़ीकरण और सुन्दीकरण का शुभारंभ करेंगे। क्षेत्र में बिजली के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री स्मार्ट वितरण परियोजना के तहत विभिन्न कार्यों और आठ सौ अस्सी करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली बिजली के बुनियादी ढांचे को भूमिगत करने का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी जल जीवन मिशन के तहत 47 ग्रामीण पेयजल योजनाओं का भी उद्‌घाटन करेंगे। ओम अवस्थी, आकाशवाणी समाचार लखनऊ।***

**********

देश के उन्यासीवें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सम्बोधन के लिए लोगों से उनके विचार और सुझाव साझा करने को कहा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे–जैसे स्वतंत्रता दिवस नजदीक आ रहा है, वह देशवासियों के विचार सुनने के लिए उत्सुक हैं। लोग प्रधानमंत्री के पंद्रह अगस्त को लाल किले की प्राचीर से प्रस्तावित सम्बोधन के लिए माईजीओवी और नमो एप ओपेन फोरम के जरिये अपने विचार और सुझाव साझा कर सकते हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में मध्यम और लघु उद्योग विभाग की एक बैठक में कहा है कि प्रदेश सरकार ने फुटवीयर, लेदर और नान लेदर निर्माण के क्षेत्र को प्रदेश को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिये तैयार करने की दिशा में ठोस कदम उठाने शुरू कर दिये हैं। उन्होंने कहा है कि राज्य के पारम्परिक कौशल प्रशिक्षित श्रमबल और कानपुर, आगरा तथा उन्नाव जैसे औद्योगिक केन्द्रों की मौजूदगी को देखते हुए एक व्यावहारिक परिणामोन्मुखी नीति का निर्माण आवश्यक हो गया है। बैठक में मुख्यमंत्री ने क्लस्टर आधारित विकास मॉडल को प्राथमिकता देने के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी कहा कि नीति में स्पष्ट रूप से यह परिभाषति किया जाय कि प्रदेश के कौन से क्षेत्र इस उद्योग के लिये सर्वाधिक उपयुक्त हैं।

**********

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम–एनपीसीआई ने आज से यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस–यूपीआई के नए नियम लागू कर दिए हैं। नए नियमों के अंतर्गत प्रत्येक लेनदेन से पहले प्राप्तकर्ता का नाम प्रेषक को दिखाया जाएगा। प्रत्येक यूपीआई ऐप उपयोगकर्ताओं को दिन में अधिकतम पचास बार अपने बैंक खाते में जमा राशि देखने की सुविधा देगा।

**********

मैनपुरी जिले के बेबर थाना क्षेत्र के नगला ताल के पास आज अपराह्न हुए एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बच्ची घायल है। यह हादसा उस समय हुआ जब ताल के पास आगरा से आ रही एक कार अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। इसमे कार सवार एक ही परिवार के पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं, मेरठ जिले के सरधना–बिनोली मार्ग स्थित हिंडन पुल पर लगे हाईट गेज से तेज रफ्तार पिक अप गाड़ी टकराने से उसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग घायल हो गए। पिक अप में सवार सभी लोग अमरोहा जिले से राजस्थान जा रहे थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दोनों हादसों का संज्ञान लेते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताई है। साथ ही अधिकारियों को घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

**********

प्रदेश के सभी जिलों में छिटपुट बादल छाये हुए हैं। बादलों के बीच से निकल रही धूप के चलते कई जिलों में उमस बढ़ गयी है। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा की वायुमण्डलीय परिस्थितियां बनी हुयी हैं। इन परिस्थितियों के चलते अगले तीन–चार दिन तक कुछ स्थानों पर रूक–रूक कर वर्षा का पूर्वानुमान है।

**********